Alberta **प्रेस** विज्ञप्ति

फंडिंग में वृद्धि से स्कूली पौष्टिकता प्रोग्राम में सुधार होना

26 फरवरी, 2024 मीडिया पूछताछ

एकबारगी मिलने वाले $5 मिलियन के अनुदान से प्रोविंस के स्कूली पौष्टिकता प्रोग्राम का विस्तार होगा जिससे इस स्कूली वर्ष के दौरान और अधिक छात्रों को पोषण से परिपूर्ण मील्स और स्नैक्स मिल सकेंगे।

बौद्धिक विकास कर रहे बच्चों और उनके शिक्षण के लिए उचित पोषण तक एक्सेस बहुत महत्वपूर्ण है। ऐसा अनुमान है कि वर्तमान में पूरे प्रोविंस में 58,000 से अधिक छात्र अल्बर्टा के स्कूली पौष्टिकता प्रोग्राम के माध्यम से दैनिक पौष्टिक भोजन प्राप्त करते हैं। इस फंडिंग के माध्यम से, स्कूल प्राधिकारी चिन्हित स्कूलों में पोषण प्रोग्राम शुरू करने, जारी रखने या बढ़ाने में सक्षम होंगे।

"छात्रों की सफलता के लिए उचित पोषण आवश्यक है। बिना भोजन किए कोई भी व्यक्ति अपना सर्वश्रेष्ठ कार्य-निष्पादन नहीं कर सकता है। भोजन और सेवाओं की बढ़ती लागत को स्वीकार करते हुए, हमें इस बात की अत्यधिक प्रसन्नता है कि हम इस स्कूली वर्ष की समाप्ति तक छात्रों की पौष्टिकता संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए अतिरिक्त फंडिंग प्रदान कराने में समर्थ हो सके हैं।"

डेमेट्रियोस निकोलेडेस, मिनिस्टर ऑफ एजुकेशन

अल्बर्टा सरकार पहले ही स्कूली पौष्टिकता प्रोग्राम हेतु स्कूली प्राधिकारियों को $20 मिलियन प्रदान कर चुकी है। एकबारगी दिए जाने वाले इस अनुदान से पहले से ही उपलब्ध फंडिंग में 25 प्रतिशत की वृद्धि होगी, जिससे 2023-24 स्कूली वर्ष के लिए पौष्टिकता प्रोग्राम को चलाने के लिए कुल फंडिंग $25 मिलियन हो जाएगी। नियमित फंडिंग चैनलों के माध्यम से अनुदान को स्वचालित रूप से सार्वजनिक, पृथक, फ़्रैंकोफ़ोन और लागू सार्वजनिक चार्टर स्कूलों को प्रदान कर दिया जाएगा।

अल्बर्टा सरकार अपने छात्रों की भोजन संबंधी आवश्यकताओं को सर्वोत्तम ढंग से पूरा करने के लिए स्कूली प्राधिकारियों को सामुदायिक संगठनों के साथ साझेदारी करने हेतु प्रोत्साहित करती है। इस प्रोग्राम के लचीलेपन के माध्यम से, स्थानीय स्कूल बोर्ड, समुदाय और स्थानीय संगठनों के साथ मजबूत रिश्तों का सृजन करते हुए, ऐसे निर्णय ले सकते हैं जिनसे उनके छात्रों और परिवारों को सर्वोत्तम सहायता प्राप्त होती है।

"भोजन की समुचित उपलब्धता से शिक्षण को प्रोत्साहन मिलता है और छात्रों के लिए यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि स्कूल में आगे बढ़ने के लिए वे ऊर्जा और फोकस दोनों धारण करते हैं। हम इस अतिरिक्त फंडिंग प्रदान किए जाने के लिए आभार व्यक्त करते हैं, जिससे अधिक छात्रों को स्कूली दिन में स्वस्थ भोजन मिल सकेगा।"

लॉरा हैक, अध्यक्ष, कैलगरी बोर्ड ऑफ एजुकेशन

"हमारे स्कूल और परिवार इस महत्वपूर्ण फंडिंग की बहुत सराहना करते हैं जिससे छात्रों की सीखने की उत्सुकता में उनको सहायता मिलेगी। सामुदायिक संगठनों के साथ हमारी साझेदारी के साथ, इस धनराशि से ब्रेकफ़ास्ट, स्नैक्स और दोपहर के भोजन के प्रोग्राम तक सार्वभौमिक पहुंच प्रदान करने में सहायता मिलेगी जो छात्रों की सफलता के लिए आवश्यक हैं।"

सैंड्रा पलाज्जो, चेयर, एडमॉन्टन कैथोलिक स्कूल डिवीजन

संबंधित जानकारी

- स्कूली पौष्टिकता प्रोग्राम

मीडिया पूछताछ

गैबरियले सिम्बैलिस्टी (Gabrielle Symbalisty)

780-218-8916
प्रेस सचिव, एजुकेशन